सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेसनोट दिनांक 23.02.2025

चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01अभियुक्ता सहित कुल 02 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी किये गये सोने – चांदी के आभूषण एवं 11,100/- रुपये किये गये बरामद ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर इटावा के कुशल नेतृत्व में थाना फ्रेण्डस कालोनी एवं थाना बसरेहर पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही ।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 22.02.2025 को वादी अनिल कुमार पुत्र सालिक राम निवासी ग्राम जमुहां थाना दिबियापुर जनपद औरैया ने थाना फ्रेंण्डस कालोनी पर तहरीर दी कि दिनांक 22.02.2025 को जब वह अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल अयारा थाना बसरेहर जनपद इटावा जाने के लिये चौधरी पेट्रोल पंप इटावा से ऑटो मे बैठे थे । इसी दौरान किसी सवारी द्वारा वादी की पत्नी का पर्स जिसमे आभूषण व कुछ नगदी थी, चोरी कर लिये गये ।

तहरीर के आधार पर तत्काल **थाना फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 54/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।**

गिरफ्तारी का विवरण:-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी/छिनैती की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में दिनांक 23.02.2025 को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी एवं थाना बसरेहर पुलिस टीम थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी । इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कुम्हावर रोड से मूंगापुरा जाने वाले रास्ते पर सेंगर नदी के पास 01 महिला व 01 पुरुष जोकि क्षेत्र मे आने जाने वाले वाहनों (आटों व ई रिक्शा आदि) मे बैठकर सवारियों से मौका पाकर चोरी करते है, चोरी का सामान लिये कही जाने की फिराक मे खडे है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीमों द्वारा 01 अभियुक्ता व अभियुक्त अजय सिंह पुत्र बंशी राजपूत को **मूंगापुरा जाने वाले रास्ते पर सेंगर नदी के पास से समय 12.20 बजे गिरफ्तार किया गया ।**

गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1. अजय सिंह पुत्र बंशी राजपूत बावरिया निवासी ग्राम इकरन थाना चिकसाना जनपद भरतपुर(राजस्थान) **उम्र करीब 25 वर्ष ।**
2. 01 अभियुक्ता

पुलिस पूछताछः-

गिरफ्तार अभियुक्तगण से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे 02 अंगूठी सोने की, 08 बिछिया चांदी की, 01 करधनी चांदी की तथा 11,100/- रुपये नकद बरामद किये गये।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तो से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा 03 घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया गया –

1. **दिनांक 22.02.2025** को हम दोनों ने मिलकर चौधरी पेट्रोल पम्प इटावा के पास से आटो में बैठकर बसरेहर की तरफ जा रही एक महिला के बैग में रखे पर्स को समान सहित मौका पाकर चोरी कर लिया था। उक्त घटना के संबंध मे थाना फ्रेंड्स कॉलोनी **मु0अ0सं0 54/25 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत है।
2. **दिनांक 12.02.2025** को थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत ऑटो में बैठी एक महिला के पर्स से आभूषण चोरी कर लिये थे। उक्त घटना के संबंध में **थाना इकदिल पर मु0अ0सं0 55/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है।**
3. **दिनांक 11.11.2024** को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ऑटो की छत पर रखें 01 महिला के ट्रॉली बैग को ताला तोड़कर आभूषण का डिब्बा चोरी किया था। उक्त घटना के संबंध में **थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 268/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है।**

अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम दोनों पति पत्नी मिलकर आटों व ई रिक्शा में बैठकर बगल में बैठी महिलाओं के पर्स मौका पाकर सवारियों का ध्यान भटकाते हुये उनके बैग/पर्स में रखे कीमती जेवरात व पैसे को चोरी कर लेते है चोरी किये हुये माल को बेचकर धनलाभ अर्जित करते है।

बरामदगीः-

1. 02 अंगूठी सोने की
2. 08 बिछिया चांदी की
3. 01 करधनी चांदी की
4. 11,100/- रुपये

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 54/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना फ्रेण्डस कालौनी इटावा।

पुलिस टीम- प्रथम टीम- उ0नि0 श्री अमित कुमार मिश्र थानाध्यक्ष फ्रेण्डस कालोनी, उ0नि0 कृष्ण कुमार, उ0नि0 नितिन कुमार, उ0नि0 अरविन्द यादव, का0 विक्रांत पंवार, म0का0 नीतू कुमारी।

द्वितीय टीमः- थानाध्यक्ष बसरेहर श्री सौरभ सिंह, उ0नि0 श्री सौरभ राणा, का0 सुखदेव मय टीम।